# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 7-12-25 | 04 | 7-8 |


## छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से महिला अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**हिसार • विज्ञप्ति** : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा गांव गंगवा में मिनी वूमेन फेयर का आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। डा. किरण सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न प्रदर्शनी स्टालें लगाई गई। जिनमें फूड एंड न्यूट्रिशन, एपेरल एंड टेक्सटाइल साइंस, संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान तथा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं द्वारा अनेक स्टालें लगाई गई। मेले में विशेषज्ञ डा. भावना मल्होत्रा ने जड़ी-बूटियों के महत्व और बिना दुष्प्रभाव वाले उपचारों की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। महिलाओं द्वारा खेल प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। उपरोक्त महाविद्यालय की छात्राओं ने उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महत्वपूर्ण संदेश भी दिया। कार्यक्रम में डीपीएम वीरेंद्र कुमार, अन्नू मलिक, आयुर्वेदिक विज्ञान विशेषज्ञ डॉ भावना मल्होत्रा और गांव के सरपंच भगवान दास भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 7-12-25 | 04 | 01 |

## नुक्कड़ नाटक से उपभोक्ताओं को अधिकारों के बारे में किया जागरूक

हिसार| हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा गांव गंगवा में मिनी वूमेन फेयर का आयोजन किया गया। डॉ. किरण सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलें लगाई गई। जिनमें फूड एंड न्यूट्रिशन, एपेरल एंड टेक्सटाइल साइंस, संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान तथा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं द्वारा अनेक स्टालें लगाई गई। मेले में विशेषज्ञ डॉ. भावना मल्होत्रा ने जड़ी-बूटियों के महत्व और बिना दुष्प्रभाव वाले उपचारों की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। महिलाओं द्वारा खेल प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। छात्राओं ने उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महत्वपूर्ण संदेश भी दिया। डीपीएम वीरेंद्र कुमार, अन्नू मलिक, डॉ. भावना मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अजीत समाचार | 7-12-25 | 05 | 6-8 |

## हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपभोक्ता अधिकारों बारे किया जागरूक

हिसार, 6 दिसम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा गांव गंगवा में मिनी वूमेन फेयर का आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह जानकारी देते हुए डॉ. किरण सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलें लगाई गई। जिनमें फूड एंड न्यूट्रिशन, एपेरल एंड टेक्सटाइल साइंस, संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान तथा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं द्वारा अनेक स्टालें लगाई गई। मेले में विशेषज्ञ डॉ. भावना मल्होत्रा ने जड़ी-बूटियों के महत्त्व और बिना दुष्प्रभाव वाले उपचारों की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। महिलाओं द्वारा खेल प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। उपरोक्त महाविद्यालय की छात्राओं ने उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महत्वपूर्ण संदेश भी दिया। कार्यक्रम में डीपीएम वीरेंद्र कुमार, अन्नू मलिक, आयुर्वेदिक विज्ञान विशेषज्ञ डॉ भावना मल्होत्रा और गांव के सरपंच भगवान दास भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 7-12-25 | 02 | 03 |


# छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपभोक्ता अधिकारों बारे किया जागरूक

हिसार, 6 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा गांव गंगवा में मिनी वूमेन फेयर का आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में महिलाओं ने भाग लिया। यह जानकारी देते हुए डॉ. किरण सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलें लगाई गई। मेले में विशेषज्ञ डॉ. भावना मल्होत्रा ने जड़ी-बूटियों के महत्व और बिना दुष्प्रभाव वाले उपचारों की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। महिलाओं द्वारा खेल प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में डी.पी.एम. वीरेंद्र कुमार, अन्नू मलिक, आयुर्वेदिक विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. भावना मल्होत्रा और गांव के सरपंच भगवान दास भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि - भूमि | 7-12-25 | 14 | 04 |

## छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं ने गंगवा गांव में मिनी वूमेन फेयर का आयोजन किया। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। महाविद्यालय की डॉ. किरण सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलें लगाई गई।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 06.12.2025 | -- | -- |

# छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपभोक्ता अधिकारों की दी जानकारी

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा गांव गंगवा में मिनी वूमेन फेयर का आयोजन किया गया।

महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। डॉ. किरण सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलें लगाई गई। जिनमें फूड एंड न्यूट्रिशन, एपेरल एंड टेक्सटाइल साइंस, संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान तथा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं द्वारा अनेक स्टालें लगाई गई। मेले में विशेषज्ञ डॉ. भावना मल्होत्रा ने जड़ी-बूटियों के महत्व और बिना दुष्प्रभाव वाले उपचारों की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। महिलाओं द्वारा खेल प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक

## कार्यक्रम में विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलें भी लगाई गई

कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। उपरोक्त महाविद्यालय की छात्राओं ने उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महत्वपूर्ण संदेश भी दिया।

कार्यक्रम में डीपीएम वीरेंद्र कुमार, अन्नू मलिक, आयुर्वेदिक विज्ञान विशेषज्ञ डॉ भावना मल्होत्रा और गांव के सरपंच भगवान दास भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए अतिथियों ने कहा कि गांव में महिलाओं को जागरूक करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। इस प्रकार के आयोजन से महिलाओं में आत्मविश्वास और ज्ञान का प्रचार-प्रसार भी होता है।